भागम-भाग



बिंगो ने बिल्लियों को देखा।

बिल्लियों ने बिंगो को।

वे डरीं और भागीं।

बिंगो भी भागा।



बिल्लियाँ आगे-आगे, बिंगो
उनके पीछे-पीछे। बिल्लियाँ
भागीं, तेज़ बहुत तेज़...



...और टकराईं चिड़िया से। मगर वे
अब भी आगे। बिंगो अब भी उनके पीछे।

वे भागीं, तेज़ और तेज़।

देखो! कभी निकलें नीचे से...



...तो कभी ऊपर से, पर रुकेंगी नहीं।



अरे! रास्ता हो गया ख़त्म।

बिल्लियाँ रुकीं।

बिंगो भी रुका और बोला, “बहुत मज़ा आया, फिर से खेलें?”

बिल्लियों का है अब एक नया दोस्त।

वे सब मिलकर खेलते हैं यह नया खेल।

SCERT DELHI
स्वाध्यायान्मा प्रमदः
समग्र शिक्षा
सबको शिक्षा, अच्छी शिक्षा
Room to Read